अमर उजाला 17/12/2024

फुटबॉल चैंपियनशिप में जीएमएन कॉलेज के विजेता खिलाड़ी और कोच। कॉलेज

फुटबॉल स्पर्धा में जीएमएन कॉलेज प्रथम

अंबाला। जीएमएन कॉलेज ने अंतर कॉलेज फुटबॉल पुरुष चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

यह प्रतियोगिता सात से 12 दिसंबर तक प्रारंभिक चरण में खेली गई और फाइनल मैच 15 दिसंबर को आयोजित किया। जीएमएन कॉलेज की टीम ने एसडी कॉलेज को 6-1 के अंतर से हराया। इसके बाद आईआईएचएस कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय की टीम को 7-0 से पराजित किया। गुरुनानक खालसा कॉलेज यमुनानगर को 2-0 से हराकर उन्होंने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा। सभी मैच जीतकर जीएमएन कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन मैच के आधार पर जीएमएन कॉलेज के सात खिलाड़ियों का चयन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए किया। खेल विभाग के प्रमुख ब्रजेश कुमार को कॉलेज प्राचार्य ने पर बधाई दी। संवाद